आजा मेरे खाटू वाले बाबा | By Vinit Raghuvanshi

आजा आजा मेरे खाटूवाले बाबा
आजा आजा मेरे खाटूवाले बाबा

सांवरे से मैंने ऐसी प्रीत लगाईं है
हर बात दिल की बाबा तुझको बताई है
मैंने सुना है तूने देर ना लगाई है

जो खाटू में आजा बाबा उसको मस्त बना दे
ऐसा मस्त बना दे फिर वो दुनिया ने भुला दे
श्याम नाम की चर्चा ही मांगे वो दिन और रैना
लखदातारी मोरछड़ी वाले का क्या है कहना
पावन खाटू नगरी में बैठा है शीश का दानी
यही देव है यही है प्रीतम यही श्याम मेरा जानी
दिल की हर धड़कन में धड़के श्याम सांवरा मेरा
सिवा श्याम के सुध नहीं कोई क्या मेरा क्या तेरा
श्रद्धा से मैंने तेरी ज्योत जगाई है
मेरा विश्वास तू है सबका सहाई है
मैंने सुना है तूने देर ना लगाईं है

आजा आजा मेरे खाटूवाले बाबा
आजा आजा मेरे खाटूवाले बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by/